**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–16.04.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

**1 सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून को लेकर दायर याचिकाओं पर हुई सुनवाई, मुख्य न्यायाधीश ने कानून को लेकर हो रही हिंसा पर व्यक्त की कड़ी प्रतिक्रिया।**

**2 केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया कल झारखंड के एकदिवसीय दौरे पर, रांची के नामकुम में 220 बिस्तरों वाले नव निर्मित ईएसआईसी अस्पताल का करेंगे उद्घाटन।**

**3 ईडी की ओर से दायर चार्जशीट के विरोध में रांची में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पलटवार, कहा–कांग्रेस नेताओं को जांच का करना चाहिए सामना।**

**4 पूर्वी सिंहभूम जिले में जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष्य में जनजातीय महोत्सव का आयोजन, शिक्षा मंत्री ने कहा–नेतरहाट की तर्ज पर खोले जायेंगे और चार स्कूल।**

**और**

**5 16वीं एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय टीम में झारखंड के पांच खिलाड़ी शामिल, रूपा रानी तिर्की, लवली चौबे, बसंती कुमारी, सुनील बहादुर और दिनेश कुमार का चयन।**

**और अब समाचार विस्तार से**

*****************************

सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून को लेकर दायर याचिकाओं पर आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने वक्फ कानून के नाम पर हिंसा पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस मामले की सुनवाई न्यायालय में हो रही है, ऐसे में हिंसा नहीं होनी चाहिए। न्यायालय में कल दोबारा दो बजे से इस मामले की सुनवाई होगी।

*****************************

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हो रही घटना पर गहरी चिंता जताई है। श्री मुंडा ने बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वक्फ कानून का देशभर में स्वागत होना चाहिए, लेकिन लोग राजनीतिक दृ ष्टि से इस पर उन्माद फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

*****************************

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया कल राजधानी रांची के नामकुम में 220 बिस्तरों वाले नव निर्मित ईएसआईसी अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। यह अत्याधुनिक अस्पताल झारखंड राज्य में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मांडविया ईएसआई लाभार्थियों को सम्मानित करेंगे और अस्पताल के निर्माण में शामिल श्रमिकों को भी सम्मानित करेंगे।

*****************************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज आवासीय कार्यालय में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात की और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मौके पर श्री सोरेन ने समुचित समाधान एवं निराकरण का भरोसा लोगों को दिलाया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण का निर्देश दिया।

*****************************

नेशनल हेराल्ड घोटाला मामले में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं पर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दायर चार्जशीट के विरोध में झारखंड समेत देशभर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस की ओर से भी रांची के हिनू स्थित ईडी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा प्रदेश प्रभारी के0 राजू भी शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि ईडी की चार्जशीट राजनीति से प्रेरित है।

*****************************

इधर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मामले पर कांग्रेस पर पलटवार किया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री मरांडी ने कहा कि जब राहुल गांधी और सोनिया गांधी इस मामले में निर्दोष हैं तब उन्हें जांच प्रक्रिया का सामना करना चाहिए।

*****************************

मुम्बई में एक से चार मई तक वेव्स समिट का आयोजन होगा, जिसे लेकर देश–दुनिया में जर्बदस्त उत्सुकता देखी जा रही है। इस समिट में गेम्स डेवलपर्स भी जलवा बिखेरने को तैयार हैं। रोड टू गेम के शीर्ष दस गेमों के नामों की घोषणा कर दी गयी है, जो काफी सुर्खियां बटोर रहा है।

*****************************

पूर्वी सिंहभूम जिले के बर्मा माइंस स्थित राष्ट्रीय धातु कर्म प्रयोगशाला प्रेक्षागृह में आज जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष्य में जनजातीय महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि नेतरहाट स्कूल की तर्ज पर और चार स्कूल खोले जायेंगे।

**********************

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने निर्देश दिया है कि गर्मी के दिनों में पेयजल की किल्लत ना हो, इसे अधिकारी सुनिश्चित करें। श्री प्रसाद ने आज रांची में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि राज्य में खराब चापानलों की शीघ्र मरम्मति करायें। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**********************

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ मीनेश शाह ने आज कृषि और पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात की। इस मौके पर श्री शाह ने बताया कि रांची के होटवार में जल्द ही नया पाउडर प्लांट के साथ मिल्क प्रोडक्ट प्लांट का निर्माण किया जाएगा।

**********************

पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता की पहल पर आज रांची समेत राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। रांची के पुलिस लाइन में आयोजित जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आईजी मनोज कौशिक और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा समेत अन्य वरीय अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनी। इस दौरान अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया और कुछ मामलों के जल्द निष्पादन का भरोसा दिलाया गया।

**********************

पोषण पखवाड़े के तहत राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत पश्चिमी सिंहभूम एवं पाकुड़ जिले के उपायुक्तों ने आज पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ रवाना किया।

**********************

बाबा नगरी देवघर में राजकीय श्रावणी मेले की तैयारी शुरू हो गयी है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

**********************

फिलिपींस में आयोजित होनेवाली 16वीं एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित भारतीय टीम में झारखंड के पांच खिलाड़ियों को जगह मिली है। चयनित खिलाड़ियों में रूपा रानी तिर्की, लवली चौबे, बसंती कुमारी, सुनील बहादुर और दिनेश कुमार शामिल हैं।

******** *********